**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 18.09.2026 समय : 0705

**<><><><><><><>**

1. द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया।
2. दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से कल आशा मानदेय और बकाए राशि के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
3. 'भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए मॉडल कल्याण योजना' के तहत, प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।
4. सीएफओ नाला स्टील बेली ब्रिज के मरम्मत कार्य के मद्देनजर 20 से 29 सितम्बर तक सड़क बंद करने का आदेश जारी किया गया है।

<><><><><><><>

द्वीपों के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित एक समारोह में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे, मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, छात्र और नागरिक उपस्थित थे। इस वर्ष के अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' है। कार्यक्रम में उपराज्यपाल ने 'श्रेष्ठ भारत' के दृष्टिकोण के तहत द्वीपसमूह को 'श्रेष्ठ अंडमान' में बदलने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। भगवान विश्वकर्मा को दिव्य शिल्पकार और निर्माता के रूप में याद करते हुए उन्होंने कहा कि यह अवसर सभी समुदायों को एकजुट होकर विकास कार्यों के लिए प्रार्थना करने का अवसर देता है। उन्होंने पेयजल संकट को दूर करने, बिजली, परिवहन, सस्ती हवाई सेवाओं, स्थानीय मछुआरों के लिए आजीविका और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने द्वीपों में भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, शिक्षा, रोजगार, स्वच्छता, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर भी बल दिया। उप–राज्यपाल ने 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के मद्देनजर पर्यटन स्थलों पर सफाई और 2 अक्टूबर को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण और कचरा न फैलाने की शपथ लेने की अपील की। उन्होंने सेल्यूलर जेल के स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए अंडमान–निकोबार को शहीदों की पवित्र भूमि बताया। उपराज्यपाल ने उपस्थित लोगों को 'स्वच्छता की शपथ' दिलाई। स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्रों के सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग सेंटर दौरे को हरी झंडी दिखाकर रवाना

किया। उपराज्यपाल, सांसद और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने स्वयं स्वच्छता श्रमदान में भाग लेकर सफाई अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर सांसद ने स्वच्छ भारत अभियान के का उल्लेख करते हुए बताया कि द्वीपों में जनभागीदारी और निरंतर प्रयासों से सिंगल–यूज़ प्लास्टिक बैग के उपयोग में भारी कमी आई है। यह स्वच्छता अभियान 17 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल लोक निवास में वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ पारंपरिक पूजा–अर्चना की। इसके पश्चात, उन्होंने चाथम सॉ मिल में आयोजित विश्वकर्मा जयंती समारोह में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि द्वीप समूह में विकास और निर्माण कार्य बेहतर और प्रभावी ढंग से किए जाएंगे।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बढ़ाए गए आशा मानदेय और बकाए राशि के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सांसद बिष्णु पद रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद ने आशा कार्यकर्ताओं को बढ़ी हुई मानदेय राशि और बकाए के भुगतान का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की निष्ठा और जनस्वास्थ्य प्रणाली तथा समुदाय के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में उनकी भूमिका की सराहना की। सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में आशा कार्यकर्ताओं के समर्पित योगदान को देखते हुए उनके मासिक मानदेय को बढ़ाकर 5 हजार रूपये किया गया है। द्वीपों में कुल 106 सक्रिय आशा कार्यकर्ता कार्यरत हैं।

<><><><><><><>

हिन्दी पखवाड़ा के सिलसिले में आज सुबह 10 बजे टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में प्रशासन के विभिन्न विभागों, कार्यालयों तथा नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य कार्यालयों के कर्मचारियों के लिए हिंदी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, के निर्देशानुसार 'भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए मॉडल कल्याण योजना' के तहत, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भवन एवं अन्य निर्माण कर्मचारी कल्याण बोर्ड कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य पंजीकृत लाभार्थियों और उनके

आश्रितों के कौशल को अपग्रेड करना है। यह कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम निःशुल्क है। इच्छुक लाभार्थी अपने पसंदीदा ट्रेड का उल्लेख करते हुए अपना आवेदन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पते पर जमा कर सकते हैं।

<><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन सेवा से देश सेवा के साथ सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। सेवा और सुशासन के इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश की बागडोर संभाली। सरकार और जनता के बीच सीधा और निरंतर संवाद स्थापित करने की सोच के साथ जुलाई 2014 में नागरिकों की भागीदारी के लिए माय गोव प्लेटफार्म की शुरुआत की ताकि नीति निर्माण में जनता की भागीदारी को सुनिश्चित की जा सके।

<><><><><>

सीएफओ नाला स्टील बेली ब्रिज के मरम्मत कार्य के मद्देनजर 20 सितम्बर से 29 सितम्बर तक 10 दिनों की अवधि के लिए पुल पर आवाजाही और सड़क बंद करने का आदेश जारी किया गया है। मध्योत्तर अंडमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कार्यपालक अभियंता को स्टील बेली ब्रिज का मरम्मत कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

<><><><><>

पांडिचेरी विश्वविद्यालय अंडमान कॉलेज में NEP और CBCS पाठ्यक्रम के तहत नवंबर–दिसंबर माह में विभिन्न स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करेगा। इस परीक्षा के लिए पंजीकरण के इच्छुक छात्र आज से 5 अक्टूबर तक कॉलेज के परीक्षा प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी–नेट जून 2026 परीक्षा के तीन विषयों–अंग्रेजी, वाणिज्य और समाजशास्त्र–की अंतिम उत्तर पुस्तिका जारी कर दी है। परीक्षार्थी इसे यूजीसी–नेट की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं।

<><><><><>

उद्योग निदेशालय ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग तथा GIZ के सहयोग से श्री विजयपुरम के लिए सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान तैयार करने के उद्देश्य से एक दिवसीय 'किक ऑफ एवं हितधारक ओरिएंटेशन कार्यशाला' का आयोजन किया। इसमें शहर की लॉजिस्टिक्स चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों, एजेंसियों और हितधारकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति के साथ इसके तालमेल और द्वीपसमूह के लिए इसके संभावित लाभों की जानकारी दी गई।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष रंगलाल हलदर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कल लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार मुलाकात की। बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने द्वीपसमूह से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण और ज्वलंत मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उपराज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को उठाए गए सभी मुद्दों पर शीघ्र ध्यान देने और उनका जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया।

इसके अलावा भारतीय मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधिमंडल और अन्य पार्टी सदस्यों ने लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से मुलाकात की।

**<><><><><><><>**